Seat No. : _______________

# XP-109 – H

**B.Com. (Sem.-II)**
**April-2013**

## 108 - Accountancy-II

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

**सूचना :** (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(2) दाहिनी ओर के अंक प्रश्न के महत्तम गुण हैं ।

1. ता. 1-4-2009 को श्री 'अ' भाविन ट्रेडर्स के पास से एक यंत्र भाड़ा खरीद पद्धति से खरीदा । यंत्र की रोकड़ कीमत ₹ 1,40,000 है । यंत्र खरीदते समय कुल रोकड़ कीमत से यंत्र खाता उधार किया जाता है । भुगतान निम्नानुसार किया जाना है : **14**

| | |
|---|---|
| 1-4-2009 | ₹ 28,000 |
| 31-3-2010 | ₹ 35,000 |
| 31-3-2011 | ₹ 35,000 |
| 31-3-2012 | ₹ 35,000 |
| 31-3-2013 | ₹ 35,000 |

श्री 'अ' घिसाई 10% वार्षिक की दर से घटते शेष पद्धति से गिनता है ।

तैयार कीजिये :

(i) श्री 'अ' की बही में ता. 31-3-2013 तक का यंत्र खाता ।

(ii) भाविन ट्रेडर्स की बही में श्री 'अ' का खाता ।

**अथवा**

1. (A) ता. 1-4-2010 को श्री 'अ' राज ट्रेडर्स के पास से एक यंत्र भाड़ा खरीद पद्धति से खरीदा । भुगतान निम्नानुसार किया जाता है : **4**

| | |
|---|---|
| 1-4-2010 : | ₹ 5,000 |
| 31-3-2011 : | ₹ 6,500 |
| 31-3-2012 : | ₹ 6,000 |
| 31-3-2013 : | ₹ 5,500 |

यंत्र की रोकड़ कीमत ज्ञात कीजिये और प्रत्येक हप्ता में चुकाये जाने वाले ब्याज की गणना कीजिये ।

(B) ता. 01-4-2009 को श्री 'अ' ने एक यंत्र भाड़ा खरीद पद्धति से खरीदा जिसकी रकम निम्नानुसार भुगतान करनी थी : **10**

| | | |
|---|---|---|
| करार के समय | : | ₹ 25,000 |
| प्रथम वार्षिक हप्ता के साथ | : | ₹ 22,500 |
| द्वितीय वार्षिक हप्ता के साथ | : | ₹ 20,000 |
| तृतीय वार्षिक हप्ता के साथ | : | ₹ 17,500 |
| चतुर्थ वार्षिक हप्ता के साथ | : | ₹ 15,000 |

प्रति वर्ष प्रारंभिक रोकड़ बाकी पर वार्षिक 20% ब्याज वसूल किया जाता है । श्री 'अ' का हिसाबी वर्ष ता. 31 मार्च को पूर्ण होता है । यंत्र पर घटते शेष पद्धति से वार्षिक 10% की दर से घिसाई गिनी जाती है । यंत्र खरीदते समय कुल रोकड़ कीमत से यंत्र खाता उधार किया जाता है ।

रोकड़ कीमत की गणना कीजिये और श्री 'अ' की बही में वर्ष 2009-10 और 2010-11 की जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिये ।

2. (A) एक विनियोगकर्त्ता के लिए विनियोगों के अंतिम स्टोक की गणना करने की विभिन्न पद्धतियाँ बताइये और किसी एक पद्धति को उदाहरण सहित समझाइये । **6**

**अथवा**

(A) निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिये :

(i) विनियोग खाता बनाते समय ब्याज सहित और ब्याज रहित व्यवहार ।

(ii) विनियोग खाताबही के सन्दर्भ में प्रयुक्त निम्न शब्दों को उदाहरण देकर विस्तार से समझाइये :

(अ) दलाली (Brokerage)

(ब) पूँजी लागत (Capital Cost)

(B) श्री ‘एन’ एक विनियोगकर्त्ता है । श्री ‘एन’ का 12% की केन्द्र सरकार की लोन के खरीद-बिक्री संबंधी व्यवहारों की जानकारी निम्नानुसार है । ब्याज प्रतिवर्ष 30वीं अप्रैल और 31वीं अक्टूबर को चुकाया जाता है । **8**

| **तारीख** | **दार्शनिक कीमत ₹** | **भाव ₹** | **रिमार्क** |
|---|---|---|---|
| 1-7-2012 | 18,000 | 98 | ब्याज सहित खरीदी |
| 1-10-2012 | 15,000 | 97 | ब्याज रहित खरीदी |
| 1-2-2013 | 10,000 | 99 | ब्याज सहित बिक्री |
| 31-3-2013 | 7,500 | 101 | ब्याज रहित बिक्री |

दार्शनिक कीमत पर 2% दलाली है । श्री ‘एन’ का हिसाबी वर्ष 31वीं मार्च को पूर्ण होता है । श्री एन की बही में उपरोक्त चार व्यवहार दर्ज करने संबंधी जनरल प्रविष्टि कीजिए ।

**अथवा**

(B) ता. 1-4-2012 को श्री ‘एक्स’ ने 6% की सरकारी प्रतिभूतियाँ ₹ 30,000 की कीमत की ₹ 102 के भाव से खरीदी । ब्याज 31 वीं मार्च और 30 वीं सितम्बर को चुकाया जाता है । ता. 31-3-2013 को पूर्ण होते वर्ष के व्यवहार निम्नानुसार था :

| **तारीख** | **दार्शनिक कीमत ₹** | **भाव ₹** | **रिमार्क** |
|---|---|---|---|
| 31-7-2012 | 12,000 | 98 | ब्याज सहित खरीदी |
| 15-11-2012 | 2,000 | 96 | ब्याज रहित खरीदी |
| 30-11-2012 | 22,000 | 99 | ब्याज सहित बिक्री |
| 15-2-2013 | 12,000 | 104 | ब्याज रहित बिक्री |

ता. 31-3-2013 को बाजार भाव ₹ 95 है । FIFO पद्धति का उपयोग करके श्री ‘एक्स’ की बही में ता. 31-3-2013 को पूर्ण होते वर्ष का विनियोग खाता तैयार कीजिये ।

3. (A) श्री ‘अ’ और ‘ब’ इंग्लैंड से माल आयात करने के लिए संयुक्त साहस में जुड़े । ता. 1-4-2012 को संयुक्त बैंक खाता खुलवाकर उसमें दोनों ने क्रमश: ₹ 30,000 और ₹ 20,000 जमा करवाये । उन्होंने इस प्रारंभिक योगदान की रकम के अनुपात में लाभ-हानि वितरण करना निश्चित किया । उन्होंने इंग्लैंड के दलाल को माल खरीदने के लिए ₹ 36,000 भेजे और बाद में हिसाब के अंतिम निपटारे के रूप में दूसरे ₹ 2,000 भेजे । मुम्बई में भाड़ा और बीमा खर्च के ₹ 2,000 चुकाया । **7**

ता. 31-12-2012 के रोज माल की बिक्री से ₹ 48,000 मिले । श्री ‘अ’ ने बाकी का माल ₹ 7,600 में ले लिये । सह-भागीदारों को ब्याज की पात्रता नहीं है । दलाल को चुकायी रकम में उसका कमीशन भी शामिल है । सभी प्राप्तियाँ एवं भुगतान संयुक्त बैंक खाता द्वारा होती है ।

**तैयार कीजिये :**

(i) संयुक्त साहस खाता

(ii) संयुक्त बैंक खाता

(iii) सह-भागीदारों के खाते

(B) कच्चा संयुक्त साहस खाता किसे कहते हैं ? यह कब और किस प्रकार बनाया जाता है ? **7**

**अथवा**

(B) संयुक्त साहस खाता बनाते समय 'असामान्य नुकसान' और 'बैंक से भुनवाई लेनी हुंडी का बट्टा' का प्रभाव क्या होगा ? उदाहरण देकर समझाइये ।

**अथवा**

3. अहमदाबाद का 'अ' और मुम्बई का 'ब' संयुक्त साहस में जुड़े और फोरच्युन लि. के ₹ 10 वाले 5,000 इक्विटी शेयर 30% प्रीमियम से प्रकाशित करने के संबंधि में जमानत दी । शेयर आबंटन तक के सभी खर्च अभिगोपकों (जमानत दलालों) द्वारा चुकाये जायेंगे । वे लाभ निम्नानुसार बाँटेंगे : **14**

(i) ₹ 2,000 तक का लाभ 3 : 2 के अनुपात में

(ii) शेष भाग समान भाग में

फोरच्युन लि. बदले में अभिगोपकों को 500 इक्विटी शेयर देगी ।

'अ' ने स्टेम्प व रजिस्ट्रेशन, विज्ञापन, प्रिन्टिंग व स्टेशनरी खर्च के ₹ 1,500 चुकाये । जबकि 'ब' ने कानूनी और अन्य प्रशासनीय खर्च के ₹ 2,000 चुकाये ।

'ब' ने ₹ 5,000 की एक हुंडी स्वीकार करके 'अ' को भेज दी । जो 'अ' ने ₹ 4,900 में बैंक में भुनवाई । बट्टा संयुक्त साहस का खर्च है ।

कम्पनी को 3,800 शेयरों के लिए प्रार्थना पत्र मिले । 'अ' ने बाकी के शेयर कम्पनी में से खरीद कर रकम चुका दी । कमीशन के रूप में कम्पनी से जरूरी शेयर मिल गये । जो सभी शेयर ₹ 15 के भाव से बेच दिये । दलाली दार्शनिक कीमत की 2% चुकायी । 700 शेयरों की रकम 'अ' को मिली और शेष शेयरों की रकम 'ब' को मिली । शेष रहती रकम के संबंध में 'ब' ने 'अ' को डिमान्ड ड्राफ्ट भेज दिया ।

'ब' की बही में संयुक्त साहस खाता और 'अ' का खाता बनाओ तथा 'अ' की बही में 'ब' का खाता भी तैयार कीजिये ।

4. (A) 7.2 टेली में नयी कम्पनी का सर्जन किस प्रकार होगा ? कम्पनी क्रियेशन को विस्तार से समझाइये । **7**

**अथवा**

'टेली सॉफ्टवेर 7.2' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये । पूर्व के वर्जन के साथ तुलना के संबंध में विशिष्ट लक्षण बताइये ।

(B) संक्षेप में उत्तर दीजिये : (**एक** या **दो** वाक्यों में) **7**

(1) भुगतान वाउचर को लिखने के लिए टेली सॉफ्टवेर में कौन सी 'की' का उपयोग होता है ?

(2) मालिक का निजी स्कूटर धंधा में लाने पर उसको लिखने के लिए टेली सोफ्टवेर में कौन सी 'की' का उपयोग होता है ?

(3) 'बैंक में से निकाली रोकड़' व्यवहार लिखने के लिए टेली सोफ्टवेर में कौन सी 'की' का उपयोग होता है ?

(4) वाउचर का लेखा करते समय नया खाता खोलने के लिए टेली में कौन सी 'की' का उपयोग होता है ?

(5) वाउचर को डिलीट (केन्सल) करने के लिए टेली में क्या करोगे ?

(6) कौन सी 'की' द्वारा टेली में तारीख बदली जाती है ?

(7) पहले (पूर्व) के वाउचर का विवरण रीपीट करने के लिए टेली में कौन सी 'की' का उपयोग होता है ?

5. योग्यतम विकल्प की पसंदगी कीजिये : **14**

(1) VAT के साथ खरीद और बिक्री के हिसाब रखने के लिए किसमें जाना चाहिए ?

(a) केवल खाते

(b) केवल इनवेंटरी

(c) खाते और इन्वेंटरी

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(2) टेली 7.2 में निम्न तीन फीचर्स का समावेश होता है :

(a) आर्थिक चिट्ठा, रोकड़प्रवाह पत्रक, गुणोत्तर

(b) आर्थिक चिट्ठा, लाभ-हानि खाता, सकल तलपट

(c) वेट, टी डी एस, सेवाकर

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(3) निम्न में से कौन सा 'CPU' का भाग है ?

(a) की बोर्ड

(b) कन्ट्रोल यूनिट

(c) आउटपुट यूनिट

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(4) संयुक्त साहस के धंधे में जब ग्राहक को माल भेंट (बक्षिस) के रूप में दिया जाता है तब कौन सा खाता उधार किया जाता है ?

(a) भेंट खाता

(b) संयुक्त साहस खाता

(c) लाभ-हानि खाता

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(5) निम्नलिखित में से कौन सा खाता बनाने के लिए दोहरा लेखा प्रणाली का उपयोग नहीं होता ?

(a) संयुक्त साहस खाता

(b) कच्चा संयुक्त साहस खाता

(c) संयुक्त बैंक खाता

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(6) संयुक्त साहस के हिसाबों में माल का सामान्य नुकसान किस खाते उधार होता है ?

(a) सामान्य नफा-नुकसान खाते

(b) संयुक्त साहस खाते

(c) किसी भी खाते उधार नहीं

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(7) 'ब्याज सहित' कीमत 'ब्याज रहित' कीमत की अपेक्षा _________ होती है ।

(a) कम

(b) अधिक

(c) कम या अधिक

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(8) ब्याज रहित खरीदी में विनियोगों की पूँजी कीमत अर्थात् (दलाली चुकायें तब)

(a) खरीद तारीख को बाजार कीमत

(b) खरीद कीमत + ब्याज + दलाली

(c) खरीद कीमत – ब्याज + दलाली

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(9) विनियोगों की लागत में शामिल है

(a) स्टेम्प ड्युटी

(b) दलाली

(c) (a) और (b) दोनों

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(10) भाड़ा खरीद पद्धति में ब्याज किसमें शामिल नहीं है ?

(a) करार के समय भुगतान

(b) भाड़ा खरीद कीमत

(c) हप्ता की रकम

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(11) भाड़ा खरीद पद्धति में क्रेता को माल की डिलीवरी कब दी जाती है ?

(a) प्रथम हप्ता के भुगतान पर ।

(b) करार पर सही हो तब ।

(c) अंतिम हप्ता चुकाने पर ।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

(12) भाड़ा खरीद पद्धति में ब्याज किस पर गिना जाता है ?

(a) रोकड़ कीमत पर ।

(b) भाड़ा खरीद कीमत पर ।

(c) प्रत्येक हप्ता के प्रारंभ में बाकी रही रोकड़ कीमत पर ।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

(13) भाड़ा खरीद पद्धति में क्रेता को माल का स्वामित्व (मालिकी) कब मिलता है ?

(a) प्रथम हप्ता चुकाने पर ।

(b) करार पर सही होने पर ।

(c) अंतिम हप्ता चुकाने पर ।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

(14) सामान्यत: दलाली किस पर गिनी जाती है ?

(a) मूल कीमत पर

(b) बाजार कीमत पर

(c) दार्शनिक कीमत पर

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं